हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरूवार 12 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

14 गर्मी की शुरुआती दौर में ही सूखने लगे जलस्रोत



14 राजीव लोचन कॉलेज में अन्न फूड फेस्टिवल ...





## खबर संक्षेप

### छुरा कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से



**छुरा।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा में पहली बार दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 12 व 13 मार्च को किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय "सतत विकास एवं पर्यावरण-अनुकूल पर्यटनः आदिवासी एवं वन अंचलों की चुनौतियाँ और संभावनाएँ" निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षाविद, शोधार्थी तथा विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इनमें प्रोफेसर के बी दास, पूर्व कुलपति फकीर मोहन विश्वविद्यालय , बालासोर (ओडिशा) के साथ प्रोफेसर आर के ब्रम्हे , प्रोफेसर जे एल भारद्वाज, प्रोफेसर बीएल सोनेकर अर्थशास्त्र विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर शामिल हैं।

### सूने घर से जेवर और नकदी पार

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव में अज्ञात चोरो द्वारा घर से नगदी एवं सोने चांदी की जेवरात सुना घर से दिनदहाड़े चोरी एवं रात में दुकान से नगदी राशि चोरी नवंबर 2025 में दो सुनें घरो से अज्ञात चोरो द्वारा लगातार चोरी किया जा रहा है एवं अभी कुछ दिन पहले एक गरीब परिवार के घर से नगद 10 हजार की चोरी हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुड़ागांव निवासी विद्याबाई वर्मा के सुनें घर से जेवरात एवं नगदी रकम सुना देखा कर पार किया जब शाम करीबन 4.45 बजे घर से साग भाजी खरीदने गए हुए थे। सुना घर देख कर घर से सोने चांदी एवं नगदी राशि पार कर लिया गया। कुछ दिनों बाद वही एक घर में फिर चोरी हुई जो रात्रि में सोया हुआ था तब, उसी घर में दो बार चोरी हुआ जिसकी चोरी की खबर छुरा थाना में जा कर चोरी की खबर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट दर्ज के बाद जांच में आया जरुर लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अज्ञात चोरो की हौसला बुलंद हो रहा है जिससे कुछ दिन पहले एक गरीब शिवदास मानिकपुरी के घर से भी लग भग 10 हजार रुपए सुना घर से पार हो गया। ग्रामीणों का विस्वास अब पुलिस से हट रही है, क्योंकि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसका अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रार्थीयो ने शासन-प्रशासन से मांग किया है कि अज्ञात चोर के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज के आधार पर जांच कर उचित दंड दिया जाए।

### रसेला में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान 13 मार्च से

**रसेला।** भाजपा मंडल मलेवा अंचल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान दो दिवसीय ग्राम रसेला में 13 मार्च से 14 मार्च तक स्थान वन धन भवन में रसेला में सुबह 9 बजे से शुभारंभ किया जाएगा। प्रथम दिवस अतिथियों का आगमन के पश्चात ध्वजारोहण के बाद दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ होगा। साथ ही वंदे मातरम (राष्ट्रीय गीत) के बाद राजकीय गीत और अध्यक्षीय संबोधन होगा। प्रथम दिवस के अतिथि होंगे अनिल चन्द्राकार भाजपा जिला अध्यक्ष गरियाबंद, आशीष शर्मा संजोयक जिला प्रशिक्षण महाभियान, चन्द्रशेखर साहू भाजपा जिला महामंत्री, सुरेन्द्र सोनटेके सदस्य जिला प्रशिक्षण महाभियान टोली, शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष होंगे। इसी कड़ी में इतिहास एवं विज्ञान डॉ. रामकुमार साहू, कार्य विस्तार की हमारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# अधीक्षक एक, कंधे पर तीन-तीन प्रभार, बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शासन द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास का संचालन किया जा रहा है इसके संचालन की सारी जिम्मेदारी आदिवासी विभाग सहायक आयुक्त के द्वारा किया जाता है एवं बच्चों के लिए रहने भोजन एवं सभी प्रकार के देखभाल के लिए व्यवस्था की जाती है और इनमें सभी में एक अधीक्षक नियुक्ति किया जाता है जिनके देखरेख में बच्चों को समय पर भोजन एवं उनके स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यकताओं के साथ-साथ अनुशासन की जिम्मेदारी होती है किंतु क्षेत्र में 20 छात्रावास में तीन छात्रावास है जहां पर की अधीक्षक को अन्य छात्रावास की जिम्मेदारी है साथ ही साथ एक जगह तो ऐसा है जहां के अधीक्षक को तीन जगह की जिम्मेदारी है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि वह अधीक्षक अपने जिम्मेदारियां का निर्वहन किस तरह से किया जा रहा होगा, क्षेत्र में लगभग 20 छात्रावास संचालित है जहां पर आश्रम शालाएं संचालित है कुछ स्थानों पर शासन के द्वारा नियुक्त अधीक्षक कार्य रहते हैं और कुछ स्थानों पर स्थानीय शिक्षकों को छात्रावास की जिम्मेदारी दी गई है शासन द्वारा अभी कुछ समय पूर्व है छात्रावास के अधीक्षक की भर्ती की गई है किंतु जिले में नहीं के बराबर अधीक्षक की नियुक्ति हुई है इसलिए यहां के छात्रावास में अधीक्षक के स्थान पर ज्यादातर स्थानीय शिक्षक कार्यरत है इन सबके अलावा नगर के प्रि एवं पोस्ट ▶▶| शेष पेज 13 पर

## स्थानीय शिक्षकों के भरोसे छात्रावास की जिम्मेदारी

### मंडल संयोजक का प्रभार

उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि प्रत्येक दिन दोनों छात्रावास में पर्याप्त समय देते हैं क्योंकि दोनों छात्रावास नगर में ही है और दोनों की दूरी अत्यंत कम है इसलिए दोनों छात्रावास में ध्यान देते हैं किंतु एक अधीक्षक को गायडबरी और खंडमा का प्रभार है साथ ही साथ में मंडल संयोजक का प्रभार है जबकि गाय डबरी और खंडमा के दूरी लगभग 12 से 15 किलोमीटर है इससे अंदाज लगा सकते हैं कि इन छात्रावास के बच्चे आखिर किसके भरोसे छात्रावास में रहते होंगे क्योंकि शासन के अनुसार अधीक्षक जो है छात्रों के प्रति जिम्मेदार है जो उनके भोजन स्वास्थ्य एवं पढ़ाई आदि की चिंता करता है उसे अंदाज लगा सकते हैं कि आदिवासी छात्रों के लिए शासन की क्या मंशा है।



### व्यवस्था की जाएगी

इस संबंध में सहायक आयुक्त लोकेश पटेल ने कहा कि शासन के द्वारा पर्याप्त अधीक्षक उपलब्ध नहीं है इसलिए एक अधीक्षक के पास दो छात्रावास है। आने वाले स्कूल के सत्र में प्रत्येक छात्रावास में अलग से अधीक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

**खाड़ी युद्ध का असर:** हर गैस एजेंसी को आवक और स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करनी होगी

# जिले में एलपीजी की किल्लत, घरेलू सिलेंडर ₹60 महंगा, अतिरिक्त वसूली की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मध्य-पूर्व (खाड़ी देशों) में जारी युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने लगी है, जिसका असर अब भारत के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के जिलों में भी दिखाई देने लगा है। गरियाबंद जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत और कीमतों में वृद्धि ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 924 से बढ़कर 984 हो गई है। बढ़ती कीमतों से आम उपभोक्ता पहले ही परेशान हैं, वहीं कई स्थानों पर गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त राशि वसूले जाने की शिकायत भी सामने आई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने गैस सिलेंडर की बुकिंग उस समय कराई थी, जब पुरानी दर लागू थी और शहर में गैस उपलब्ध नहीं थी। इसके बावजूद जब सिलेंडर की आपूर्ति हुई तो उनसे नई दर के साथ लगभग 60 अतिरिक्त राशि ली जा रही है।

ग्राहकों का आरोप है कि जब उन्होंने पहले ही बुकिंग कर भुगतान कर दिया था, तब बाद में बढ़ी हुई कीमत का बोझ उन पर डालना उचित नहीं है। लोगों का कहना है कि गैस की कमी के कारण उन्हें पहले ही लंबा इंतजार करना पड़ा और अब आपूर्ति मिलने पर अतिरिक्त पैसे भी देने पड़ रहे हैं।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जिन लोगों ने नई दर लागू होने से पहले बुकिंग कर भुगतान कर दिया था, उन्हें पुरानी दर पर ही सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही संबंधित विभाग से मामले की जांच कर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की गई है। गैस आपूर्ति बाधित होने से गैस एजेंसियों में भीड़ बढ़ने के साथ-साथ कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार खाड़ी देशों से आने वाली एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने से जिले के कई क्षेत्रों में गैस की कमी की स्थिति बन रही है।

### कमर्शियल सिलेंडर 115 महंगा, होटल व्यवसाय पर संकट

वहीं होटलों और रेस्तरां में उपयोग होने वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 115 से अधिक की वृद्धि हो गई है, जिससे होटल व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। कई जगहों पर होटल संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग की भी खबरें सामने आ रही हैं।



### अस्पतालों और छात्रावासों में गैस की कमी न हो

इस स्थिति को देखते हुए गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने जिले के सभी गैस वितरकों को तेल कंपनियों के निर्देशों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने कहा है कि विशेष रूप से अस्पतालों और छात्रावासों में गैस की कमी न हो, इसका ध्यान रखा जाए। साथ ही गैस वितरकों को प्रतिदिन गैस की आवक और वितरण की लिखित जानकारी संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### कालाबाजारी की तो खैर नहीं

प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 25 दिन निर्धारित की गई है और केवल ऑनलाइन बुकिंग पर ओटीपी आधारित रिफिल वितरण किया जाएगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। उपभोक्ताओं को रिफिल से संबंधित सभी जानकारी गैस एजेंसियों में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि किसी संस्था द्वारा अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत सही पाई जाती है, तो आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर हुआ 1002 रुपए गृहिणियों का बजट बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हजारों किलोमीटर दूर मिडिल ईस्ट में युद्ध शुरू होते ही यहां के मिडिल क्लास की दिक्कत बढ़ गई है वजह भले ही युद्ध न हो लेकिन एकाएक रसोई गैस की कीमत 941 से बढ़कर 1002 हो गई है यानि एक रिफिलिंग पर सीधे 60 रुपए का झटका लगा है 21 दिन में होने वाली बुकिंग अब बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है यानि 25 से पहले सिलेण्डर बुकिंग नहीं हो पाएगी, खाद्य तेल, दाल, सब्जी में महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों के लिए यह बड़ा झटका है मंहगाई के इस दौर में रसोई का बजट संभालना लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। गैस सिलेण्डर के बढ़ते दामो को लेकर लोगों में काफी अधिक आक्रोश देखा जा रहा है महिलाओं का कहना है कि पहले से ही खाद्य पदार्थों और सब्जियों के दाम बढ़े हुये हैं रसोई गैस महंगी होने से स्थिति और कठिन हो गई है गृहणी भावना सिंह, लता ध्रुव, मोनिका साहू, रेवती बाई, रेश्मा बानों ने कहा की यदि सिलेंडर की कीमते ऐसे ही बढ़ती रही तो लोगों को फिर से चुल्हे से खाना बनाना पड़ेगा। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे हर रोज तकरीबन 100 से ज्यादा सिलेण्डर ही रिफिल हो रहे हैं सभी कम्पनियों के बुकिंग सिस्टम अब पूरी तरह से ऑनलाइन है पहले 21 दिन बाद दूसरे सिलेण्डर का नंबर लगा सकते थे परंतु अब 25 दिनों के बाद ही नंबर लगा सकेंगे बड़े परिवार वाले उपभोक्ताओं के लिए यह परेशानी बढ़ जाएगी।



### बेरोजगारी और घटती आय से लोग परेशान

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की ह उन्होंने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए यह बढ़ोतरी किसी अन्याय से कम नहीं है केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बेलगाम होती जा रही है और आम लोगों का घर का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है जिससे आम परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है एक ओर बढ़ती बेरोजगारी और घटती आय से लोग परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर आवश्यक वस्तुओं और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा दिया है उन्होंने केंद्र सरकार से रसोई गैस, पेट्रोल–डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तत्काल कमी कर आम जनता को राहत दिये जाने की मांग किया है।

## बिखरी सूर्यास्त की सुनहरी आभा.....



**मैनपुर।** वनांचल मैनपुर क्षेत्र मे शाम के समय एक अद्भुत प्राकृतिक मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता जब डुबता हुआ सूर्य आसमान मे सुनहरे और नारंगी रंगो की छटा बिखरते नजर आ रही है जिसे शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद किया है।

# 8 दिनों में 4 युवाओं ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को फिर एक युवक ने फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया जिसकी जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल पर लग गई और इसकी जानकारी पुलिस को दिया गया है। देर शाम होने के कारण शव का पोस्टमार्डम कल गुरूवार को किया जायेगा। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी शाहिल मंडावी उम्र 21 वर्ष युवक ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया जिसकी जानकारी पुलिस चौकी नवागढ़ को दिया गया है। ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से आत्महत्या की घटनाएं बढ़ गई है बीते सप्ताह 08 दिनों के भीतर मैनपुर क्षेत्र मे चार लोगों ने फांसी



लगाकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने के मामले सामने आ चुके है जिसमे युवा वर्ग के ही चार युवकों ने आत्महत्या किया था जिसमें ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम अचानपुर ▶▶| शेष पेज 13 पर

# दिल्ली के विज्ञान भवन में गूंजा धुरसा और हथखोज का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ प्रभा बाई ध्रुव और दुर्गेश कुमार का विज्ञान भवन में हुआ सम्मान

जिले के लिए बुधवार का दिन गर्व और सम्मान का क्षण बन गया, जब फिंगेश्वर विकासखंड के दो कर्मठ ग्रामीण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया। ग्राम धुरसा की प्रभा बाई ध्रुव और ग्राम हथखोज के दुर्गेश कुमार को नई दिल्ली में आयोजित जल उत्सव 2026 के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान मिला। नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सीआर पाटील ने दोनों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम धुरसा की प्रभा बाई ध्रुव जल बहिनी के रूप में गांव-गांव में जल गुणवत्ता परीक्षण का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। वे नियमित रूप से पानी के नमूनों की जांच कर ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रही हैं। वहीं ग्राम हथखोज के जल वितरण संचालक (पम्प ऑपरेटर) दुर्गेश कुमार ने भी जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाई है। दोनों के ▶▶| शेष पेज 13 पर






**अध्यक्ष संदीप शर्मा ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश**

# राजिम में राशन दुकान पर खाद्य आयोग का छापा, 127 क्विंटल चावल कम मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा जब बुधवार को औचक निरीक्षण करने राजिम पहुंचे तो राशन दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। सबसे पहले श्री शर्मा शहर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित राजीव लोचन महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य की राशन दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा को बड़ी अनियमितताएं मिली। उन्होने पाया कि दुकान में क्यूआर कोड तक प्रदर्शित नहीं किया गया था और न ही निरीक्षण पंजी उपलब्ध थी। इसके बाद जब स्टॉक का मिलान कराया गया तो गंभीर गड़बड़ी सामने आई। जांच में 127 क्विंटल चावल स्टॉक से कम पाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 5 लाख 45 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा एपीएल श्रेणी के तहत 8 क्विंटल 70 किलोग्राम चावल का स्टॉक होना चाहिए था, लेकिन वह भी दुकान में उपलब्ध नहीं मिला। इतनी बड़ी मात्रा में चावल की कमी पाए जाने पर राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी गरीबों के अधिकारों से खिलवाड़ है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 13 पर

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि जिस राशन दुकान में वे निरीक्षण करने पहुंचे थे वहां उन्हें अनियमितताएं दिखी। विभाग के अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि वे कभी भी किसी भी सरकारी राशन दुकान में औचक निरीक्षण कर सकते हैं। जहां भी अनियमितताएं पाई जाएगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# बिजली स्कूल में विद्यार्थियों को सिखाए लू से बचाव के गुर




**फिंगेश्वर।** जिस तरह से मार्च माह में गर्मी पड़ रही है उसे देखते हुए अगले महीनों में गर्मी का सितम कैसा रहेगा? इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बढ़ती गर्मी में लू के प्रभाव को –ष्टिगत रखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में लू से बचाव के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से जानकारी दी गई। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा की गर्म हवाएं न सिर्फ त्वचा को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि सेहत को भी नुकसान पहुंचा रही है। जब कोई व्यक्ति गर्म हवा और धूप में देर तक रहता है उसका चेहरा और सिर्फ देर तक धूप और गर्म ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### अवैध व्यापार को रोकने मंडी के बेरियर में वाहनों की कर रहे तलाशी



**जगदलपुर।** अवैध व्यापार धान और अन्य उपजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए, मंडी के बेरियर (नाकों) पर कृषि उपज मंडी के कर्मचारी सक्रिय हैं। इन चेकिंग अभियानों में संदेहास्पद वाहनों की अनिवार्य तलाशी ली जा रही है, और बिचौलियों द्वारा अवैध परिवहन को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। कर्मचारी अंतर्राज्यीय चेकपोस्टों पर वाहनों की गहन तलाशी ले रही हैं। अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर वाहनों को जब्त की जाएगी। अवैध व्यापारा मिलने पर प्रकरणों को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया जाएगा। कड़ी निगरानी को लेकर व्यापारियों एवं वाहन चालकों में खासी नाराजगी है। मंडी के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध व्यापार को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए मंडी प्रशासन ने धनपूंजी बेरियर में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

### त्वरण योजना के तहत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट संपन्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रदर्शन संवर्धन एवं त्वरण योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट समन्वय बैठक एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग ने उपस्थित लीड बैंक प्रबंधक, बैंक प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं हितग्राहियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस विशेष योजना के उद्देश्यों और इसके अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जिले में स्थापित किए जा सकने वाले संभावित उद्योगों पर विस्तार से चर्चा की।

### कोड़ेनार बना ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम

**जगदलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन और निरंतर जन-संवाद के सार्थक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद पंचायत बास्तानार की ग्राम पंचायत कोड़ेनार ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम होने का गौरव हासिल किया है। इस परिवर्तन की नींव गांव की उन बुनियादी समस्याओं के समाधान से रखी गई, जहां बाजार और घरों से निकलने वाले कचरे के कारण ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। चूंकि स्वच्छता का सीधा संबंध खान-पान से होता है और दैनिक उपभोग की अधिकांश वस्तुएं बाजार से आती हैं, इसलिए गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम की प्रभावी शुरूआत भी बाजारों से ही की गई। खुले में कचरा फेंकने की इस प्रवृत्ति को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन ने सीधा मोर्चा संभाला, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बास्तानार सहित ब्लॉक और कलस्टर समन्वयकों ने स्वयं मौजूद रहकर ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं से निरंतर संवाद स्थापित किया।

वनमंत्री ने पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति देखी, प्रकृति संरक्षण को दी प्राथमिकता

# ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप गंगरेल के ठेमली आईलैंड बोट से पहुंचे। उन्होंने यहां संचालित पर्यटन विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल है, जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करते समय पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ठेमली आईलैंड को सुनियोजित ढंग से विकसित कर इसे प्रदेश के प्रमुख ईको-टूरिज्म स्थलों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में यह स्थान पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में स्थानीय प्राकृतिक स्वरूप को यथावत रखते हुए पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएं विकसित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी विकास योजना) अरुण पांडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने पर्यटन विकास को बेहतर और टिकाऊ बनाने के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।



### रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंत्री को यहां प्रस्तावित पर्यटन विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पाथवे निर्माण, व्यू प्वाइंट, वॉच टॉवर सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इन कार्यों से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### क्षेत्रीय विकास को मिलेगी गति

वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने पर्यटन विकास से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना में प्रकृति पर्यटन (ईको-टूरिज्म) की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की गई हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी।

# सांकरा में नंदी मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा एवं रामायण 17 को

**नगरी।** सांकरा के नंदी चौक की पहचान नंदी की मूर्ति से हुआ करती थी। यह मूर्ति न सिर्फ चौक की रौनक थी बल्कि आसपास के लोगों और व्यापारियों की आस्था का केंद्र भी थी। कई व्यापारी ऐसे हैं जो नंदी महाराज से आशीर्वाद लेकर ही अपना कारोबार शुरू करते हैं। विभिन्न पर्व व धार्मिक उत्सवों के अवसर पर नंदी मूर्ति के आसपास खास माहौल रहता था लेकिन विगत दिनों नंदी चौक में पूर्व में स्थापित नंदी की मूर्ति को दूसरे स्थान ले जाया गया। उसके बाद से नंदी चौक के सभी दुकानदार चौक में सूनापन महसूस कर रहे थे। चौक का न सिर्फ नाम बल्कि पहचान भी नंदी के नाम पर थी। मूर्ति हटने से पहचान ही खो गयी थी। पुराना वैभव लौटाने के किए आसपास के लोगों व दुकानदारों ने बैठक लेकर चर्चा की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नंदी चौक के पुराने स्थान पर फिर मूर्ति स्थापना की जाएगी। प्रस्ताव पारित करते हुए नंदी समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों का सहयोग लेकर नंदी मूर्ति की स्थापना का निर्णय लिया गया ताकि कोई



व्यक्ति विशेष मूर्ति पर अपना अधिकार जताते हुए उसे अन्यत्र न ले जा सके। सांकरा के लोगों ने नंदी चौक में नंदी महाराज की फिर से स्थापना के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया, जिससे नंदी चौक में नंदी बाबा की मूर्ति बनकर तैयार हो गयी है। पश्चिम बंगाल के मूर्ति कलाकार को बुलाकर भव्य मूर्ति बनवाई गई है। 17 मार्च को पंडित डोमन प्रसाद द्वारा पूरे विधि विधान से वेदी पूजा का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्य के सफल संचालन हेतु अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष पवन साहू, कल्याण मत्स्यपाल, सचिव डिगेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष नेहरू साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू सहित नंदी चौक के व्यापारी व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

# महिला शक्तियों ने खेलों में किया दमदार प्रदर्शन



- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंडोर स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिता
- महिलाएं समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन और जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला होने के साथ ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज में सशक्त पहचान बना रही हैं। विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के 12 ग्रामीण अभ्यास केंद्र रांवा, संबलपुर, मुजगहन, रामपुर, दर्रा, सिंधौरीकला, अमलीडीह, हसदा, मारागांव, सांकरा, कुकरेल और दुगली को अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से खेल सामग्री प्रदान की गई। योग, बैडमिंटन,टेबल टेनिस, शतरंज, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और कराते में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुरेश साहू व आभार व्यक्त सहायक जिला खेल अधिकारी जगतपति देव ने किया।

# मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव

- यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर 16 दिनों तक चलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजस्थान के प्रमुख पारंपरिक पर्वों में शामिल गणगौर उत्सव धमतरी में भी मारवाड़ी राजस्थानी गौड़ समाज की महिलाओं द्वारा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व होली के रंगोत्सव धुलेड़ी से शुरू होकर लगभग 16 दिनों तक चलता है और नवरात्रि की तृतीया तिथि को इसका समापन होता है। इस दौरान सुहागिन महिलाएं अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।

गणगौर बिदोरा के इस पारंपरिक आयोजन अंतर्गत महिलाएं विशेष रीति-रिवाजों के साथ पूजा करती हैं। होली के बाद बसोड़ा (ठंडा भोजन) बनाकर शीतला माता की पूजा की जाती है । गुड़ला पूजा का भी विशेष महत्व होता है। प्रतिदिन शाम को महिलाएं एकत्रित होकर गणगौर के पारंपरिक गीत गाती हैं और नृत्य करती हैं, जिससे वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन जाता है।



इसी कड़ी में मंगलवार को धमतरी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में राजस्थानी गौड़ ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा गणगौर बिदोरा (गुड़ला) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और हाउजी गेम का भी आनंद लिया।

मौके पर मंजू शर्मा, आशा श्रोती, नीला शर्मा, राहुतला , बरिष्ठ शर्मा, अर्चना चौबे पूर्व महापौर, हेमलता राजेरिया, प्रियंका शर्मा, पूजा शर्मा, प्रतिभा शर्मा, पूजा, आरती शर्मा, प्रीति शर्मा, दुर्गा बंदौरिया, अनामिका शर्मा, अनीता चौबे समेत बड़ी संख्या महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। यह आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी मेलजोल को बढ़ावा देने वाला साबित हुआ।

# महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला : चौबे



- महिला दिवस पर फौजी भाइयों की पत्नियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेना और सुरक्षा बलों में सेवा दे रहे फौजी भाइयों की पत्नियों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल और गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य श्रीमती चौबे मैडम रहीं, जबकि अध्यक्षता संतोषी विश्नोई ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू, जगदीश राम साहू, भोजराम साहू तथा सीआरपीएफ के जवान गिरिराज थे।

सम्मानित महिलाओं में संगीता साहू (नवागांव), ममता साहू (कंडेल), पिंकी साहू (बोड़रा), सीमा साहू (बोड़रा), कविता विश्वकर्मा (खरेंगा) और तारिणी (नवागांव) शामिल रहीं। सभी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए देश की सेवा में लगे जवानों के प्रति गर्व और आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उन्हें जागरूक रहकर देश सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं में भाग लेते हुए अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करना चाहिए तथा परिवार में अच्छे संस्कारों को बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह साहू ने किया। इस अवसर पर बसंत कुमार, रोहित, डेरहाराम, नीलकंठ, होलाराम, सोमन, सुलोचना, सुलेखा, अली, शिवचरण, डाली, फागू और इंद्रजीत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम : टिकेश

- बानगर में हाथकरघा प्रशिक्षण का समापन, 20 हितग्राहियों को मिली करघा मशीन व प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम बानगर में छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग संचालनालय नवा रायपुर द्वारा समग्र हाथकरघा विकास योजना अंतर्गत चार माह के नवीन बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण उपसंचालक जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर के मार्गदर्शन में बिहान बुनकर सहकारी समिति मर्यादित परखंदा के माध्यम से 20 हितग्राहियों को दिया गया था।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सरपंच संघ टिकेश साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हाथकरघा और कुटीर उद्योग रोजगार का मजबूत माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है और गांव की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने बुनकरों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपने कौशल को आगे बढ़ाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सरपंच आनंद राम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती कुलेश्वरी साहू तथा ग्राम विकास समिति बानगर के अध्यक्ष अशोक नेताम थे। इस अवसर पर जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर से पूर्णानंद चुरेन्द्र भी उपस्थित रहे। समिति ने बताया कि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से बुनकर समितियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 20 हितग्राहियों को हाथकरघा मशीन और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समिति प्रबंधक लोकेश कुमार साहू ने बुनकरों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एमएसएमई योजना के तहत उद्यम पंजीयन, जेड सर्टिफिकेट, एनएचडीसी बुनकर कार्ड, बीमा सुरक्षा, वर्कशेड सह आवास, उन्नत उपकरण तथा बुनकरों के बच्चों को छात्रवृत्ति सहित उच्च शिक्षा के लिए भी छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष मिनेश्वरी साहू, संचालक मंडल के सदस्य तिलेन्द्र साहू, अयोध्या देवांगन, लीलेश्वर साहू, प्रशिक्षक डेहर लाल, जपं कुरूद की परियोजना अधिकारी सविता यादव, पीआरपी अनुपा लोन्हारे, धर्मेन्द्र साहू सहित समिति के बुनकर और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार ने खेली फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन कर जन्म शताब्दी संकल्पों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गुरुदेव के सप्त क्रांति आंदोलन साधना, शिक्षा, नारी जागरण, स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, कुरीति उन्मूलन, स्वावलंबन के साथ आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी के साथ नशा मुक्त समाज की स्थापना पर विशेष कार्य करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में तरुण किरण को आईएएस एवार्ड मिलने पर उनकी मां गायत्री शक्तिपीठ धमतरी की प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी खिलेश्वरी किरण को गायत्री मंत्र शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। श्रीमती किरण ने कहा कि गुरुदेव की उनके एवं उनके परिवार पर विशेष कृपा रही है। इसके बाद होली गीत गाकर नृत्य कर फूलों की होली खेली गई। ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर द्वारा सत संकल्प पाठ किया गया। कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित नारायण कौशिक एवं आभार प्रदर्शन शेखन साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चेतन साहू, डा रामचंद्र मेश्राम, एलके यादव, रामआसरा साहू, दिलीप पटेल, पुरुषोत्तम निर्मलकर, अनुसुईया सिन्हा, सुशीला छाटा, शकुन कश्यप, गायत्री साहू, मकसूदन मेश्राम समेत अनेक गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# ढोल की थाप पर उड़े रंग गुलाल, कार्यकर्ता रंग में सराबोर रहे

**कुरूद।** भाजपा भखारा मंडल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह उत्साह और रंगों के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत एवं निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली खेली। ढोल की थाप और होली गीतों के बीच कार्यकर्ता रंगों में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद सभापति सिंधु बैस, आनंद यदु और मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा ने जनप्रतिनिधियों एवं संगठन से जुड़े लोगों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि अजय चंद्राकर जैसे दमदार नेतृत्व और समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर क्षेत्र तेज गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। हमें भी अपने क्षेत्र में ऐसा कार्य करना चाहिए जिसे लोग हमेशा याद रखें। पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल आवश्यक है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरीश चंद्राकर, छत्रपाल बैस, रामस्वरूप साहू, हरख जैन ने भी सार्वजनिक जीवन के अपने अनुभव साझा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, टिकेश्वरी देवांगन, चंद्रिका साहू, पूर्णिमा साहू, चोवाराम गंजीर, अभिषेक साहू, विजय गोस्वामी, मनोज कश्यप, चेतन और योगेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेलकूद में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति शांडिल्य राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत शिक्षिका धमतरी, विशेष अतिथि श्रीमती ज्योति लूनिया लायनेस क्लब धमतरी, श्रीमती पल्लवी बरडिया सहायक प्राध्यापक बी.सी.एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने की।




इस अवसर पर बच्चों के माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम एवं गेम्स हुए। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रीति शांडिल्य ने कहा कि आज की महिला मां के रूप में बच्चों को शिक्षा, नैतिक मूल्य और आत्मविश्वास देती है। वह करियर और घर दोनों संभालते हुए बच्चों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने की तैयारी करती हैं। पल्लवी बरडिया एवं ज्योति लूनिया ने कहा कि आज महिलाएं सशक्त हैं। वह न केवल अपनी परिवार की धुरी है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार भी। प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि मां बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में पहले गुरु होती है आत्मविश्वास और अनुशासन प्रदान करती है। आज का कार्यक्रम महिलाओं की शक्ति उनके संघर्षों और समाज में उनके अमूल्य योगदान को समर्पित है। मंच संचालन शीतल सोनी एवं मुक्ति तिवारी ने किया।

## खबर संक्षेप

### खोमन लाल सिन्हा अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित

**फिंगेश्वर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर श्री सत्याइंदिरा फाउंडेशन (एसएसआईएफ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के सामाजिक कार्यकर्ता एवं सहायक शिक्षक खोमन लाल सिन्हा को महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। खोमन लाल सिन्हा लंबे समय से शिक्षा, समाज सेवा तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्योंर् से समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इसी उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए श्री सत्याइंदिरा फाउंडेशन ने उन्हें सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### ट्रक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** हाईवा ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी नरेंद्र चंद्राकर 23 दिसंबर 2025 को अपनी बाइक सीजी 06 जीडी 3165 से बेलसोंडा सोसायटी से काम करके अपने घर ग्राम बिरकोनी जा रहा था। दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर रोड धरमकांटा के आगे ग्राम बेंलसोंडा पहुंचा था तभी ग्राम घोडारी की तरफ से आ रहे हाईवा क्र. सीजी 04 क्यूजे 9772 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये लाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से नरेंद्र के दाहिने पैर में चोट लगी। प्रार्थी द्वारा 11 मार्च को सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसके तहत धारा 125(ए), 281 बीएनएस कायम किया गया है।

### उधार का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से मारपीट

**महासमुंद।** उधारी का पैसा वापस मांगने पर दुकानदार से चार लोगों ने मारपीट कर दी। बसना पुलिस को पंकज अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल (29 साल) वार्ड नं 9 बसना ने बताया कि उसकी किराना व डेली नीड्स की दुकान है। करीब एक साल पहले उसने भतीजा हिमांशु अग्रवाल को 4 लाख 91हजार रुपए उधार दिया था। उधार का पैसा वापस मांगने पर वह टालमटोल करता था। 10 मार्च को जब उसने अपने भतीजे हिमांशु अग्रवाल से उधार का पैसा वापस मांगा तब उसके साथ आरोपी संतोष अग्रवाल, लक्ष्मी बाई अग्रवाल, तानिया अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी और मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी।

**मांग : जांगड़ा, पायलीखण्ड, कुर्रूभाठा, बरगांव के ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

# हीरे की धरती पर गरीबी का बसेरा, बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे भुंजिया जनजाति के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले का जांगड़ा-पायलीखण्ड क्षेत्र पूरी दुनिया में अपने बेशकीमती हीरा और अलेक्जेंडर खदानों के लिए मशहूर है। विदेशी वैज्ञानिकों ने यहाँ हीरे के अपार भंडार की पुष्टि की, सुरक्षा के लिए वर्षों तक बीएसएफ तैनात रही, लेकिन विडंबना देखिए कि जिस धरती के नीचे अरबों की दौलत दबी है, उसके ऊपर रहने वाली विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति आज भी 18वीं सदी जैसा जीवन जीने को मजबूर है। यहां निवास करने वाले आदिवासी भुंजिया जनजाति ग्रामीणों के पैर के नीचे बेश कीमती रत्न हीरा अलेकजेंडर की खदान है और इस गांव को सिर्फ हमारे देश भारत ही नही बल्कि पूरी दुनिया मे हीरा खदान के नाम से जाना जाता है बावजूद इस धरती के ऊपर निवास करने वाले लोग मूलभूत समस्याओ जूझ रहे है और तो और पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क जैसे बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 42 किमी दूर ग्राम पंचायत जांगड़ा बसा है और इसके आश्रित ग्राम पायलीखण्ड, बरगांव, कुर्रूभाठा, डुमरपड़ाव को मिलाकर जनसंख्या लगभग 04 हजार के आसपास है। लगभग 39 वर्ष पूर्व जांगड़ा पायलीखण्ड मे हीरा खदान होने की पुष्टि हुई और आस्टेलिया तथा कई देशों के भू-वैज्ञानिकों ने यहां पहुंचकर रिसर्च किया साथ ही अपार हीरा के भंडार होने की जानकारी सरकार को दिया गया उसके बाद बकायदा हीरा खदान एरिया को बड़े-बड़े कटिले तारो के बाड़े से घेराबंदी कर यहां वर्षों तक बीएसएफ के जवान इसकी सुरक्षा में तैनात किए गए थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 वर्ष बाद भी उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे इन ग्रामों के विशेष पिछड़ी जनजाति भुंजिया एवं अन्य रहनवासियो को सुविधा के नाम पर सिर्फ छलावा ही मिला और तो और आज तक इन ग्रामों में पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। स्वास्थ्य सुविधा की स्थिति बेहद ही खराब है उपस्वास्थ्य केन्द्र जांगड़ा में एक कर्मचारी तैनात किया गया है महिला नर्स की मांग लंबे समय से किया जा रहा है क्योकि महिलाओं को प्रसव के दौरान भारी परेशानी होती है साथ ही छोटे-छोटे बीमारियो के इलाज के लिए मैनपुर गरियाबंद या फिर ओड़िशा जाना पड़ता है।



### स्कूल भवन निर्माण कार्य अधूरे, जर्जर भवनों में भविष्य गढ़ने बच्चे मजबूर

जांगड़ा, पायलीखण्ड, बरगांव, कुर्रूभाठा में स्कूल भवन की स्थिति बेहद ही खराब हो गई है और तो और मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत भवन निर्माण के लिए लाखों रुपए की राशि स्वीकृत किया गया है लेकिन आज तक सभी स्कूल भवन अधूरे पड़े हुए है जिसके कारण पशु चिकित्सालय मे स्कूल संचालित हो रहा है। आपको जानकर बड़ा आ"चर्य होगा कि यहां स्कूलो मे शौचालय निर्माण के नाम पर जो भ्रष्टाचार किया गया है वह अपने आप मे एक मिशाल है क्योकि बगैर टंकी निर्माण किये ही शौचालय पूर्ण बता दिया गया जिसमे संबंधित उपयंत्री और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत सामने आई है शिकायत के बाद कोई कार्यवाही नही हुआ और तो और 20 साल से पायलीखण्ड मे स्कूल निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है।







### गर्मी में पेयजल के लिए मचा हाहाकार नदी -नाला व झरिया बना साहरा

ग्राम पंचायत जांगड़ा एवं आश्रित ग्राम पायलीखण्ड, बरगांव, कुर्रूभाठा, डुमरपड़ाव के ग्रामीणों को आज भी पीने के लिए शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को नदी -नाले में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था करना पड़ता है। कहने को तो ग्राम जांगड़ा में लाखों रूपए खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन इस भीषण गर्मी में भी लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिला जल जीवन मिशन योजना सिर्फ यहां खोखला साबित हो रहा है गांव में जगह जगह नल की टोटी लगायी है लेकिन पानी नही निकल रहा है कई बार ग्रामीण शिकायत कर थक चुके है।

### लालटेन की रौशनी पर ज्यादा भरोसा, नहीं पहुंची बिजली

ग्राम डूमरपड़ाव, जांगडा, पायलीखण्ड, बरगांव, कुर्रूभाठा के ग्रामीण आजादी के बाद से बिजली लगाने की मांग कर रहे है लेकिन अब तक बिजली की रोशनी नहीं पहुंच पाई है। कहने को तो गांव में सौर उर्जा लगाया गया है लेकिन उसके कल पुर्जे और प्लेट बहुत पुराने होने के कारण महज कुछ घंटे के बाद रात भर अंधेरा छा जाता है उसके बाद ग्रामीणों को आज भी लालटेन की रौशनी के भरोसे रात गुजारना पड़ता है। ग्राम पंचायत जांगड़ा के सरपंच अरविन्द नेताम, उपसरपंच भानू सिन्हा एवं आदिवासी भुंजिया नेता टीकम नागवंशी, बिशाल सोरी, जगबंधु सिन्हा, महनसिंग ठाकुर, फडिन्द्र ठाकुर, बृजलाल नागवंशी, माधव सिन्हा, रूपसिंग वि"वकर्मा, दल्लुराम यादव, मानसिंग यादव, लवनसिंग जगत, दौलत नागेश, हेमंत नेताम, रामभरोसा नेताम, रोहित कुमार, जयराम नागवंशी, जदुराम नेताम ने बताया कई बार बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर मांग कर चुके है हर बार सिर्फ आ"वासन ही मिला अब तक हमारे गांव मे बिजली नही लगी और तो और सड़क निर्माण कार्य अधुरा छोड़कर चले गये है कब सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होगा कोई बताने वाला नही है ग्रामीणो ने कहा हमारे इस क्षेत्र की धरती हीरा उगलती है और ऊपर निवास करने वाले ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रहा है।

## दिव्यांग रोहित को मिली ट्रायसिकल



**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड 11 के रहने वाले दिव्यांग रोहित ध्रुव को ट्रायसिकल मिली। उन्होने अपने रोजमर्रा के कार्यों में आने वाली कठिनाईयों के बारे में पत्रकार तुकाराम कंसारी को बतलाया। श्री कंसारी के समक्ष उन्होने ट्रायसिकल की इच्छा जताई। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए तुकाराम कंसारी ने रोहित को ट्रायसिकल उपलब्ध कराने के लिए पहल की। उनके प्रयासों से रोहित ध्रुव को ट्रायसिकल मिल सकी। ट्रायसिकल मिलने के बाद रोहित ध्रुव के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने पत्रकार तुकाराम कंसारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें आने-जाने में काफी सहूलियत होगी और वे अपने छोटे-मोटे काम भी आसानी से कर सकेंगे। उन्हें यह ट्रायसिकल संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन चंपारण के सहयोग से मिला। इस अवसर पर बिसेसर हिरवानी, संतू सेन, भंडारी सेन, प्रमोद सेन अन्य लोग उपस्थित थे।

## गर्मी के शुरूआत में ही नदी-नाले सूखे

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र मे मार्च महिने के शुरूआत में ही नदी नाले सूख चुके हैं। यह तस्वीर झापन नाला की है जो सिकासार जलाशय में जाकर मिलती है अभी से गर्मी का असर देखने को मिल रहा है जिसके कारण आने वाले अपै्रल, मई मे भारी जल एवं निस्तारी संकट का सामना क्षेत्र के लोगों को करना पड़ेगा। ज्ञात हो कि क्षेत्र के नदी नाले जंगल पहाड़ी से होकर गुजरती है इन नदी नालो के पानी का उपयोग जहां एक ओर ग्रामीण निस्तारी और पेयजल के लिए करते है वही दूसरी ओर वन्यप्राणियो के प्यास बुझाने मे भी यह महत्वपूर्ण स्थान रखता है इसलिए नदी नाले सूख जाने लोगो मे चिंता देखने को मिल रही है इसी तरह उदंती नदी भी सूख रही है इसके पानी के धार बेहद कम हो गया है और यह भीशण जल संकट का अंदेशा बना हुआ है। उदंती नदी को जीवन दायिनी के रूप मे देखा जाता है उदंती नदी सुखने से एक ओर जहां सैकड़ो ग्रामो के लोगो का निस्तार और पेयजल समस्या उत्पन्न होगी वही वन्यप्राणियो के सामने विकट स्थिति का सामना करना



पड़ेगा। रोजाना गर्मी बढ़ती जा रही है भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है नदी नालो मे पानी नही होने से अब सिर्फ रेत नजर आ रहा है और जल स्तर कम होने से गांवो के जल स्त्रेतो मे इसका असर पड़ना स्वाभाविक है कुछ एक क्षेत्र मे अभी से जल संकट गहराने लगी है ग्रामीण अंचलो की अधिकतर आबादी पेयजल के लिए कुंओ और नदी नालो पर निर्भर रहते है लेकिन नदी नालो के सुखने से कुंओ का जल स्तर भी कम हो रहा है। क्षेत्र मे जल स्तर बढ़ाने के लिए संबंधित विभाग को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है नदी नालो मे पानी को रोकने के लिए गर्मी के इन दिनो मे स्टाप डेम का निर्माण किया जाना चाहिए जो आने वाले वर्शो मे बहने वाले पानी को रोककर रखे और जल स्तर बना रहे क्योकि क्षेत्र के अधिकांश नदी नालो का पानी ऐसे ही बह जाता है जिसे संरक्षित किये जाने की जरूरत है।

## नवगठित प्रेस क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नव गठित राजिम प्रेस क्लब के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण किया और दर्शक दीर्घा में बैठकर सदन की कार्यवाही देखी, जिससे वे बेहद उत्साहित नजर आए। राजिम विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में सदस्यों ने विधानसभा परिसर स्थित मुख्यमंत्री सभा कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री में नवगठित राजिम प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान राजिम प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को क्लब के आगामी शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस निमंत्रण को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए समारोह में आने की अपनी मौखिक सहमति प्रदान की। इसके साथ ही क्लब के सदस्यों ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से भी सौजन्य भेंट मुलाकात की। इस





अवसर पर राजिम प्रेस क्लब के अध्यक्ष नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष सोमा शर्मा, सचिव श्रीकांत साहू, कोषाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल, सह-सचिव तामेश्वर साहू तथा सदस्य नागेंद्र निषाद, थानेश्वर बंजारे, नेहरू साहू, वरिष्ठ नागरिक तुलस राम कन्नौजे उपस्थित रहे। यह भ्रमण राजिम क्षेत्र के पत्रकारों के लिए प्रेरणादायक रहा, क्योंकि इससे उन्हें विधायी प्रक्रिया को निकट से समझने तथा उच्च स्तरीय नेतृत्व से सीधा संवाद करने का मौका मिला। नवगठित क्लब की यह पहल स्थानीय पत्रकारिता को मजबूत बनाने दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री द्वारा शपथ ग्रहण में आने की सहमति से क्लब के सदस्यों में उत्साह बढ़ा है। राजिम प्रेस क्लब जल्द ही पूर्ण रूप से सक्रिय होकर क्षेत्रीय मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाएगा।

## पेज 11 के शेष...

### अधीक्षक एक, कंधे...

मैट्रिक कन्या छात्रावास में एक ही अधीक्षक कार्यरत है उन्होंने कहा कि सुबह-शाम करके प्रत्येक दिन दोनों छात्रावास के देखरेख करते हैं और बच्चों को संपर्क रहता है, इसी तरह प्री एवं पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एक अधीक्षक है।

### 8 दिनों में 4...

के 23 वर्षीय युवक जयसिंह नागेश ने स्कूल के पीछे खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था इसके दो दिन पहले ग्राम शोभा में 19 वर्षीय युवक प्रींस ने स्टापडेम के पास फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर दिया था। वहीं उसी सप्ताह एक मरकाम युवक ने भी आत्महत्या किया था तो ओड़िशा क्षेत्र से मैनपुरकला में पहुंचकर 38 वर्षीय अलखचंद भक्त ने बरदुला चढ़ान के पास फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था लगातार युवाओ के द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले सामने आने से सनसनी देखने को मिल रही है आज फिर एक बार मैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ही दर्रीपारा मे एक युवक ने आम के पेड़ मे फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया।

### दिल्ली के विज्ञान...

कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में जल संरक्षण, जल गुणवत्ता परीक्षण और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की सामूहिक पहल का प्रतीक माना जा रहा है। इस उपलब्धि के पीछे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) राजिम-गरियाबंद की सतत मॉनिटरिंग और मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभाग के सहयोग और नियमित निगरानी के कारण ही जिले को राष्ट्रीय स्तर के मंच पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल के लिए किए गए इन प्रयासों ने न केवल ग्राम धुरसा और हथखोज बल्कि पूरे गरियाबंद जिले का नाम रोशन किया है। यह सम्मान इस बात का संदेश देता है कि समर्पण और सेवा भाव से किया गया छोटा प्रयास भी देश के बड़े मंच तक पहचान दिला सकता है।

### राजिम में राशन...

अधिकारियों को स्टॉक की विस्तृत जांच कर पूरी जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए। अचानक हुई इस कार्रवाई से राजिम क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह नियमित निरीक्षण होते रहें तो राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और जरूरतमंदों को उनका हक मिल सकेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित समूह और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आर्थिक वसूली भी की जा सकती है।

### बिजली स्कूल में...

हवा के संपर्क में आता है उस व्यक्ति को लू लग जाती है। लू को हीट स्ट्रोक के नाम से भी जाना जाता है।उन्होंने आगे कहा कि लू लगने पर शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं जैसे बुखार होना,त्वचा का लाल पढ़ना,रुखा होना,नाड़ी का तेज चलना,चक्कर आना,सिर दर्द होना,घबराहट होना,अधिक पसीना आना,बेहोश होना आदि। गर्मी व लू के बचाव के लिए खूब पानी पिए व खाली पेट ना रहे।ठंडे पानी से नहाएं।सिर ढक कर रखते हुए चश्मा,गमछा एवं छतरी का उपयोग करें। धूप में नंगे पांव न चले,ओ.आर.एस का घोल,नारियल पानी,छाछ,नींबू पानी,फलों का रस इत्यादि का सेवन करना लाभदायक होता है।इनके साथ–साथ धूप,गर्मी और गर्म हवा से शरीर को बचाकर ही हम लू से बच सकते हैं। अतः गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू,विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश कुमार सोनकर, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रसेला में भाजपा...

दृष्टि प्रीतम सिन्हा, और भोजन अवकाश के बाद तृतीय सत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन सतोष उपाध्यक्ष, चतुर्थ सत्र कार्य पद्धति की चर्चा राजेश साहू करेंगे। इस तरह द्वितीय दिवस पर 11 बजे से 12 बजे तक वैचारिक अधिष्ठान गौरीशंकर कश्यप, 12 बजे से 1 बजे तक बूथ प्रबंधन, आगमी कार्यक्रम, बूथ स्तरीय स्थानीय कार्यक्रम थानसिह निषाद, 1 बजे से 2 बजे तक सोशल मीडिया, एआई, नमो एप सागर मयाणी, 2 बजे भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

## ब्राम्हण समाज की कार्यकारिणी घोषित, डॉ. सूरज बने अध्यक्ष

**अभनपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी के अवसर पर नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली पर्व मनाया। इस दौरान फूलों एवं हर्बल गुलाल से होली खेली गई तथा फाग गीतों की मधुर धुन पर सभी ने नृत्य कर पर्व का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित महिला सम्मान समारोह में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें अंतर्राष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट अनुराधा दुबे, शिक्षा क्षेत्र शशि दुबे, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. नीता शर्मा, चिकित्सक श्रेष्ठा तिवारी ओझा, व्यवसाय आरती मिश्रा, पत्रकारिता जया लक्ष्मी तिवारी, शिक्षा विभाग मंगला सोनटके, योग विभाग मीरा शर्मा , धार्मिक क्षेत्र कमल कृष्ण प्रिया तिवारी, पत्रकारिता रूचि तिवारी एवं खेल क्षेत्र में आविशी ओझा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ. सूरज दुबे ने सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान प्रेरणादायक है और आगे भी इसी प्रकार प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। संरक्षक मंडल में अरुण अवस्थी, समीक्षा पाठक, एस.के. झा, सुनीता झा, मुकेश त्रिपाठी, ए.पी. पांडेय एवं विष्णु दुबे को शामिल किया गया। अध्यक्ष पद पर डॉ. सूरज दुबे, संगठन सचिव के रूप में श्रीमती बिन्दु दुबे तथा कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती आशा तिवारी को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर अखिलेश तिवारी, बी.एन. तिवारी एवं श्रीमती सुषमा स्थापक को नियुक्त किया गया। सह सचिव के रूप में दीपाली त्रिपाठी, शिवेश शुक्ला एवं सर्वेश शुक्ला तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में श्रीमती रश्मि उपाध्याय को जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा युवा प्रभारी के रूप में अनुज दीक्षित एवं पं. विवेक मिश्रा, महामंत्री के रूप में आवेश पांडेय, दीपेश गौतम, आनंद पांडेय, श्रीमती शकुन त्रिपाठी, श्रीमती शशि दुबे, श्रीमती नीतू ओझा एवं पवन तिवारी को दायित्व सौंपा गया। मीडिया प्रभारी के रूप में मनस्वी शर्मा, प्रमोद दुबे एवं राहुल राय तथा व्यवस्था प्रभारी के रूप में महेश तिवारी, सुनिल दुबे , अखिलेश ओझा एवं सुनिल दुबे को जिम्मेदारी दी गई। मास्टर ब्राह्मण के रूप में तनु त्रिपाठी को दायित्व प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दयालु व मयाराम बने सह संयोजक किशन व सोहेन्द्र कार्यसमिति सदस्य



**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजू नारायण सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम नारंग की अनुशंसा पर पूर्व भाजपा आईटी सेल प्रभारी किशन साहू व सोहेंद्र साहू को प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य में स्थान मिला है। सांसद प्रतिनिधि दयालु राम गाड़ा को जुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद मयाराम साहू को सह संयोजक जिला रायपुर का दायित्व मिला है।

### झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने तुलसी

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी राठौर को



झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति के बाद समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़ खुशिया मनाई और नवनियुक्त जिला संयोजक श्री राठौर ने कहा की पार्टी द्वारा जो उन्हे जिम्मेदारी दिया गया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जायेगा। भाजपा सरकार के योजनाओ से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाया जायेगा। ज्ञात हो कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मारकण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की अनुशंसा पर झुग्गी–झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों, संभाग प्रभारियों और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों की सूची जारी की है। इस सूची में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता तुलसी राठौर को झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस नियुक्ति से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं और संगठन की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

### गर्मी में प्रातः कालीन शाला संचालन करने की मांग

**राजिम।** गर्मी के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के



संभागीयध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, सचिव आत्माराम साहू, कोषाध्यक्ष किशोर निर्मलकर, धर्मेंद्र ठाकुर ने शासन से मांग किया है कि बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15 मार्च 2026 से प्रातः 7:30 बजे से 11:30 तक प्रदेश के समस्त शालाओं में शाला संचालन का आदेश प्रसारित करने की मांग किया है। रामनारायण मिश्रा ने बताया कि गर्मी के मौसम में 1 अप्रैल से समस्त विद्यालय में प्रातः कालीन संचालन प्रारंभ हो जाता है लेकिन मार्च महीने में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। संघ के लोगों ने मांग किया है कि बच्चों के हित को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द शासन को फैसला लेना चाहिए और स्कूल का संचालन सुबह जल्दी होना चाहिए।

## निधन

### पुष्पा शर्मा

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के उपस्वास्थ्य केन्द्र गोहरापदर में



पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुष्पा शर्मा का बिते रात्री 1:30 बजे निधन हो गया। ज्ञात हो कि पुष्पा शर्मा मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र मे लंबे समय से स्वास्थ्य के क्षेत्र मे बेहतर सेवा देते आ रही थी।



# गर्मी की शुरुआती दौर में ही सूखने लगे जलस्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला।

कठिन से कठिन परिस्थिति में भी बिना बुनियादी सुविधाओं के भी जीवन गुजारना संभव हो सकता है, लेकिन पानी के बैगर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गर्मी के शुरुआती दौर में ही रसेला सहित क्षेत्र के जमीन का गला सूखने लगा है। पानी की कमी के कारण मानव और मवेशी अभी से हलकान होने लगें हैं। गांव से लेकर अंचल में पानी की कमी का असर भी दिखने लगा है। कई गांवों में जलसंकट शुरू हो गया है। रसेला क्षेत्र में अधिकांश भाग पहाड़ी और नदी, नाले है।इसके कारण समुचित बारिश होने के बाद भी वर्षा का जल बहकर बर्बाद हो जाता है। इसके कारण मार्च माह से क्षेत्र में जल



संकट गहराने लगा है। जंगलों और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, नदियों में पंप से रबी फसल लेना और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के बेहिसाब दोहन के कारण क्षेत्र में दिनों दिन जमीन का गला सूखने लगा है। क्षेत्र के ग्रामीण प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर है। गर्मी धीरे-धीरे तेज हो रही है, इसका असर अब नदी, नाला, कुएं का जलस्तर रसातल में जा रहा है। नदी, नाले, तालाब सूखने से सबसे ज्यादा परेशानी पशु पक्षियों को है, क्योंकि नदी तालाब के सहारे ही पशु पक्षी अपनी प्यास बुझाते हैं। रसेला के सबसे बड़ी शीतला तालाब दिनों दिन बढ़ती गर्मी से पानी कम होते जा रहे हैं। अभी से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में किसी की दशगात्र कार्यक्रम में नहाने के लायक पानी नहीं बचेगा। पेयजल समस्या को लेकर ना कोई अधिकार, ना ही जनप्रतिनिधि ध्यान दें रहे हैं। इसका खामियाजा आगे चलकर ग्रामीणों को भुगतान पड़ सकता है।

## आयोजन : दैनिक आहार में मिलेट्स को शामिल करने का संदेश दिया

# राजीव लोचन कॉलेज में अन्न फूड फेस्टिवल पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन एवं रुसा द्वारा प्रायोजित श्री अन्न फूड फेस्टिवल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अभया आर. जोगलेकर प्राचार्य, शासकीय बी. पी. लोधी, अध्यक्षता डॉ. सविता मिश्रा, वक्ता के रूप में डॉ. धर्मेंद्र खोखर सीनियर साइंटिस्ट इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर व डॉ अनुसुइया अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्षा सुश्री छाया राही रहे। कार्यशाला के संयोजक डॉ. भानु प्रताप नायक ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. अभया



आर. जोगलेकर ने कार्यक्रम की भूमिका और इसके पीछे के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते जंक फूड के दुष्प्रभाव चिंता पर चिंता व्यक्त की। इसके अत्यधिक सेवन से शुगर, डायबिटीज और अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ता है। इन समस्याओं से बचाव के लिए पारंपरिक भारतीय आहार पद्धति को अपनाना आवश्यक है। जिसमें मिलेट्स का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि देश के कई प्रमुख मंदिरों में भी मिलेट्स का उपयोग किया जाता है। जगन्नाथ मंदिर में मिक्स मिलेट का भोग लगाया जाता है।

### अत्यधिक सेवन से शुगर व डायबिटीज का खरात

वहीं दक्षिण भारत के मुरुगन मंदिर में भगर और सामा से बने प्रसाद का वितरण किया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही मिलेट्स को विशेष महत्व दिया जाता रहा है। संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने मिलेट्स को भारतीय परंपरा और स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नायक को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और सभी को अपने दैनिक आहार में मिलेट्स को शामिल करने का संदेश दिया। डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने जयशंकर प्रसाद की कविता कामायनी का उदाहरण देकर मानव जीवन के महत्व व उसे श्री अन्न का उपयोग करके संरक्षित करना चाहिए उस पर विस्तृत रूप से बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सुश्री छाया राही ने महाविद्यालय परिवार को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु शुभकामनाएं दी। श्री अन्न फूड फेस्टीवल के अंतर्गत श्री अन्न आनंद मेला का आयोजन किया गया। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार बघेल एवं आभार प्रदर्शन श्वेता खरे सहा. प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. के. आर. मतावले, एम. एल. वर्मा, चित्रा खोटे, श्रीमती क्षमा शिल्पा चौहान, कु.मनीषा भोई, मुकेश कुर्रे, डॉ. देवेंद्र देवांगन, तामेश्वर मार्कंडेय आदि सहायक प्राध्यापकगण, लोकेश जागडे ग्रंथपाल, राजकुमार साहू, पिटू धृतलहरे, खोमन साहू,डॉ. ग्रीष्मा सिंह, तृप्ति साहू, नेहा सोनी,निधि बग्गा, हनी पाटकर, डॉ. सर्वेश कौशिक पटेल, वाणी चंद्राकर, हेमचंद साहू,मनीष साहू, डाहरू सोनकर, डॉ. अश्विनी साहू, तोपचंद बंजारे, प्रदीप टंडन आदि अतिथि व्याख्याता, सोनम चंद्राकर,सुमन साहू, शुभम शर्मा, मनीष साहू, गरिमा साहू, टेमन साहू आदि स्ववितीय शिक्षक के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुतकैया घटना को लेकर ग्रामीणों ने गृहमंत्री शर्मा से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम दुतकैया में हुई घटना को लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को विधानसभा पहुंचकर राज्य के गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने गृहमंत्री को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए कहा कि 1 फरवरी को ग्राम दुतकैया में हुई घटना से गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी। ऐसे में मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की पूरी जानकारी लेकर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विधायक रोहित साहू और विधायक इंद्रकुमार साहू ने भी ग्रामीणों की मांग को उचित बताते हुए कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेकर न्याय दिलाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बोधन साहू, आनंद राम साहू, मदन साहू, शोभित साहू, गोपी साहू, लीलेश यादव, सरपंच प्रतिनिधि राजा सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कोमल ढीढी आदि शामिल थे।

# रत्नांचल रत्न 2026 सम्मान से साहित्यकार थानू राम सम्मानित



**फिंगेश्वर।** रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति गरियाबंद द्वारा एक सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका में भव्य कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन किया गया जिसमें पूरे जिले के साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था।गरियाबंद जिले से 150 से ज्यादा साहित्यकारों के द्वारा लिखे पुस्तक रत्नांचल काव्य संकलन का विमोचन बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अध्यक्षता गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मुन्ना लाल देवदास, भुनेश्वर साहू व्यवस्थापक गुरूकुल विद्यालय सिरकट्टी आश्रम, जिला पंचायत सभापति शुभांगी शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा रायपुर, वरिष्ठ साहित्यकार सदाराम सिन्हा देवभोग, जितेन्द्र सुकुमार अध्यक्ष रत्नांचल साहित्य समिति गरियाबंद, नूतन साहू अन्तर्राष्ट्रीय कवि की उपस्थिति के बीच किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस भव्य साहित्यिक आयोजन के बीच नगर के युवा साहित्यकार एवं उद्घोषक थानू राम निषाद को उनके साहित्य के क्षेत्र में दिए योगदान के अलावा लगातार अपनी रचनाओं को गरियाबंद जिले के अलावा छत्तीसगढ़ के विभिन्न समाचार, साहित्यिक पत्र पत्रिकाओं में गीत, कविता एवं आलेख का प्रकाशन को ध्यान में रखते हुए उनके इस उपलब्धि के लिए गरियाबंद जिला रत्नांचल साहित्य परिवार एवं जनकल्याण समिति के द्वारा रत्नांचल 2026 साहित्य सम्मान बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप के हाथों प्रतिक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया।



# दादा नकुलदेव ढीढी के 112वीं जयंती समारोह के लिए सीएम को दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ मुक्ति केंद्र का एक प्रतिनिधिमंडल राजधानी रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर 12 अप्रैल को महासमुंद जिले के भोरिंग चौक तुमगांव में स्थित दादा नकुलदेव ढीढी प्रतिमा स्थल पर राज्य स्तरीय आयोजित होने वाले 112 वीं जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी भागचंद चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर आयोजित ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के सौजन्य से मुलाकात के लिए उपस्थित प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार ढीढी, प्रदेश सचिव प्रकाश टंडन,जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंडरे, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सचिन गायकवाड़, गुलाब साय, भागचंद चतुर्वेदी, जिला सचिव श्यामलाल मन्नाडे, अमित ढीढी, पोषणलाल बघेल, गेंदलाल जांगड़े, मेलाराम बंजारे, रामनंद मूर्ति, गोविन्द चतुर्वेदी, भोलू ध्रुव शामिल थे।

# पतोरा में महकीं गोदभराई और अन्नप्राशन की रस्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राज्य सरकार के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में माता-शिशु स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सुपोषण दिवस और सुपोषण चौपाल का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार सभी विभाग प्रमुखों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पतोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 की कार्यकर्ता कुमेश्वरी बघेल ने सुपोषण को बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय पहल की है। उनके द्वारा केंद्र पर वजन त्यौहार, अन्नप्राशन और गोदभराई जैसे समारोह आयोजित किए गए, जिनमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम समिति और स्वयं



सहायता समूहों ने सहयोग दिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पौष्टिक आहार, स्तनपान, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कुमेश्वरी बघेल के अनुसार, उनका मुख्य उद्देश्य कुपोषण को कम करना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना और एनीमिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए समुदाय को शिक्षित करना है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पौष्टिक भोजन के महत्व को समझाने और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी घर-घर तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार हो रहा है और एक सहायक वातावरण तैयार हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलाए जा रहे इन प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ रही है, बल्कि समुदाय में पोषण के प्रति सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिल रहे हैं।

## राधा-कृष्ण भक्ति के रंग में डूबा छुईहा

# 4.73 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा में गुरुवार का दिन भक्ति और विकास के संगम का गवाह बना। अवसर था नवीन राधाकृष्ण मंदिर में मूर्ति स्थापना, कलशारोहण और करोड़ों के विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन का। इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने की। सुबह से ही पूरा गांव उत्सव के माहौल में डूबा रहा। पंडित सतीश दुबे के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा गर्भगृह में स्थापित की गई। मंदिर के शिखर पर भव्य कलश स्थापित कर सुख-समृद्धि की मंगलकामना की गई। इस दौरान पूरे गांव के लिए सार्वजनिक भंडारे का आयोजन भी किया गया।



### विकास की सौगात 4.73 करोड़ के विकास कार्य

विधायक रोहित साहू ने छुईहा पंचायत में अब तक हुए 4 करोड़ 73 लाख 21 हजार रुपये के विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा, जिनमें प्रमुख हैं। पुलिया निर्माण पीएम जनमन 1.50 करोड़ एवं 1.55 करोड़ (दो अलग-अलग कार्य), सड़क निर्माण (छुईहा से बहनाकाडी): 1.20 करोड़, टीन शेड एवं सामुदायिक भवन: 21.50 लाख, स्कूल पहुंच मार्ग व अन्य सीसी रोड: 20 लाख विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में बंदोबस्त त्रुटि सुधार शिविर लगाने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने हेतु बजट में प्रावधान करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू ने 4 लाख रुपये के कार्यों की घोषणा की।

### कांग्रेस और पूर्व विधायक पर साधा निशाना

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने कहा, क्षेत्र का प्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए जिससे जनता जब चाहे बात कर सके। साल में एक बार आकर चंद घोषणाएं करना बड़ी बात नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार ने पीएम आवास को रोक रखा था, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने आते ही जारी कर दिया।

बाक्स

### महतारी वंदन की राशि मंदिर को दान

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रशंसनीय पहलू महिलाओं का योगदान रहा। ग्राम छुईहा की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि में से 5-5 सौ रुपये मंदिर उत्सव के लिए दान किए। महिलाओं के इस समर्पण की मंच से भारी प्रशंसा हुई और इसे दूसरों के लिए प्रेरणा बताया गया। इस अवसर पर नंदनी ओंकार साहू (सभापति जिला पंचायत), गोपी ध्रुव (मंडल अध्यक्ष कोपरा), राजू साहू (अध्यक्ष महाविद्यालय फिंगेश्वर), सरपंच विद्या देवी सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, सियाराम ध्रुव, महेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन आशाकांत रजक ने किया।

